अनुक्रमांक .... समय : 2.00 घण्टा
नाम .... पूर्णांक : 50

प्रश्न-पुस्तिका
चतुर्थ सेमेस्टर – 2026
(सामाजिक अध्ययन)

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 1857 ई. की क्रान्ति का नेतृत्व लखनऊ में किसने किया था? **(1)**

(A) वाजिद अली शाह (B) नाना साहब
(C) तांत्या टोपे (D) बेगम हजरत महल

2. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी? **(1)**

(A) विवेकानन्द (B) दयानन्द सरस्वती
(C) बाल गंगाधर तिलक (D) राजा राममोहन राय

3. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड किसने करवाया था? **(1)**

(A) जनरल डायर (B) लॉर्ड कर्जन
(C) लॉर्ड डफरिन (D) लॉर्ड रिपन

4. सविनय अवज्ञा आन्दोलन किसने चलाया था? **(1)**

(A) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (B) सुभाष चन्द्र बोस
(C) महात्मा गाँधी (D) रवीन्द्रनाथ टैगोर

5. रॉलेट एक्ट कानून किस वर्ष बनाया गया? **(1)**

(A) 1917 ई. (B) 1918 ई.
(C) 1919 ई. (D) 1920 ई.

6. भारत छोड़ो आन्दोलन कब प्रारम्भ किया गया था? **(1)**

(A) 1941 ई. (B) 1942 ई.
(C) 1943 ई. (D) 1944 ई.

7. फॉरवर्ड ब्लॉक का गठन किसने किया था? **(1)**

(A) लाला लाजपत राय (B) राजगुरु
(C) राजेन्द्र प्रसाद (D) सुभाष चन्द्र बोस

8. किसी स्थान पर लम्बे समय तक पाई जाने वाली मौसमी दशाओं को कहते हैं— **(1)**

(A) मौसम (B) जलवायु
(C) ऋतु (D) मानसून

9. अरावली पर्वत किस राज्य में स्थित है? **(1)**

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्य प्रदेश
(C) राजस्थान (D) तेलंगाना

10. उत्तर प्रदेश में कौन-सा शहर नौचंदी मेले के लिए प्रसिद्ध है? **(1)**

(A) आगरा (B) मथुरा
(C) बिजनौर (D) मेरठ

11. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है? **(1)**

(A) 5 जून (B) 10 जून

(C) 15 जून (D) 20 जून

12. वायुमण्डल में नाइट्रोजन गैस कितने प्रतिशत होती है? **(1)**

(A) 21 प्रतिशत (B) 28 प्रतिशत

(C) 78 प्रतिशत (D) 72 प्रतिशत

13. हमारे देश का राष्ट्रीय पशु कौन है? **(1)**

(A) कंगारू (B) बाघ

(C) शेर (D) हाथी

14. मानवाधिकार दिवस कब मनाया जाता है? **(1)**

(A) 6 दिसम्बर (B) 8 दिसम्बर

(C) 10 दिसम्बर (D) 12 दिसम्बर

15. भारत में किस वर्ष में भूमण्डलीकरण का आरम्भ हुआ? **(1)**

(A) 1947 ई. (B) 1950 ई.

(C) 1985 ई. (D) 1991 ई.

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

16. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी? **(1)**

17. चौरी-चौरा काण्ड कब हुआ था? **(1)**

18. धन निष्कासन का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया? **(1)**

19. पूना समझौता किस वर्ष हुआ था? **(1)**

20. नेहरू रिपोर्ट कब प्रस्तुत की गई थी? **(1)**

21. कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की? **(1)**

22. मौसम से आप क्या समझते हैं? **(1)**

23. विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटी कौन-सी है? **(1)**

24. भारत का क्षेत्रफल कितना है? **(1)**

25. उत्तर प्रदेश में परमाणु विद्युत केन्द्र कहाँ स्थित है? **(1)**

26. गढ़मुक्तेश्वर मेला कब और कहाँ लगता है? **(1)**

27. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब की गई थी? **(1)**

28. राष्ट्रीय एकता के मार्ग में बाधक प्रमुख कारण लिखिए। **(1)**

29. लिंगानुपात किसे कहते हैं? **(1)**

30. भारतीय खाद्य निगम का गठन कब हुआ था? **(1)**

लघु उत्तरीय प्रश्न

31. थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना कब और किसने की थी? इसके प्रमुख उद्देश्य लिखिए। **(2)**

32. असहयोग आन्दोलन के स्वरूप एवं कारणों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

33. जलवायु को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए। **(2)**

34. हिमालय पर्वत की भौतिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **(2)**

35. पर्यावरण प्रदूषण किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार का होता है? **(2)**

36. मध्याह्न भोजन योजना कब प्रारम्भ की गई थी? इसके प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

37. अनेकता में एकता से क्या अभिप्राय है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

38. आतंकवाद किसे कहते हैं? भारत सरकार द्वारा आतंकवाद को रोकने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं? **(2)**

39. बेरोजगारी किसे कहते हैं? इसके उन्मूलन के लिए चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं का नाम लिखिए। **(2)**

40. भूमण्डलीकरण किसे कहते हैं? भूमण्डलीकरण की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। **(2)**

UPDELEDSTUDY.IN

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/samajik-adhyayan/2026

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/samajik-adhyayan/

हमसे जुड़ें
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN